This Question Paper contains 3 Printed Pages.

**01H(A)**

# HINDI, Paper-I

*(First language)*

**Parts A and B**

**Time : 2 hours 45 min.]** **[Maximum Marks : 40**

सूचनाएँ :

(1) कुल अवधि 2 घंटे 45 मिनट में से, 15 मिनट का समय प्रश्नपत्र को पढ़ने एवं समझने के लिए निर्धारित किया गया है।

(2) पार्ट- **'A'** के प्रश्नों के उत्तर अलग उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

(3) पार्ट - **'B'** के प्रश्नों के उत्तर उसी प्रश्न-पुस्तिका में लिखिए और उसे पार्ट - **'A'** की उत्तर-पुस्तिका के साथ जोड़िए।

---

## Part - A

**Time : 2 hours** **Marks : 30**

**I.** अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया ( 12 अंक )

ClassResult.in

**1.** निम्नलिखित में से *किसी* एक पद्य का प्रतिपदार्थ लिखिए। *1×4=4*

( अ ) मोरन को सोर घनघोर चहुँ ओरन,

हिंडोरन को बृंद छवि छावनो लगत है।

नेह सरसावन में मेह बरसावन में,

सावन में झुलिबो सुहावनो लगत है॥

*या*

( आ ) बहु धनुही तोरी लरिकाई ,

कबहुँ न असि रिस कीन्ही गोसाई॥

येहि धनु पर ममता केहि हेतू।

सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतु॥

2. निम्न में से **किसी** एक पद्य का भावार्थ लिखिए।  1×4=4

(अ) सुर लोक है यही पर, सुख-ओक है यही पर,
स्वाभाविकी सुजनता गत-शोक है यही पर
शुचिता, स्वधर्म जीवन, बे रोक है यही पर
भव मोक्ष का यही पर अनुभव भी आ रहा है।

**या**

(आ) बेबस गिरे हुओं के, तू बीच में खड़ा था।
मैं स्वर्ग देखता था, झुकता कहाँ चरण में॥
तूने दिये अनेको अवसर, न मिल सका मैं।
तू कर्म में मगन था, मैं व्यस्त था कथन में॥

3. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।  4×1=4

कला का अभिप्राय है – किसी भी काम को अनोखे, अनुपम व सौन्दर्यपूर्ण ढंग से करना। कहा जाता है कि कला-कला के लिए होती है। कोई भी वस्तु अनोखी तभी हो सकती है जब उसमें विलक्षण सुंदरता हो। अतः कला में सौन्दर्यानुभूति का विशेष स्थान होता है।

ClassResult.in

प्रश्न :–

(1) कला का क्या अभिप्राय है?

(2) कला किसके लिए होती है?

(3) कोई भी चीज विशिष्ट कब होती है?

(4) सौन्दर्यानुभूति का संधि-विच्छेद कीजिए।

**II. अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता : ( 18 अंक )**

*4×2=8*

( अ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *4 या 6* वाक्यों में लिखिए।

4. शीला अग्रवाल से लेखिका कैसे प्रभावित हुई?

5. लड़की होना पर लड़की जैसी मत दिखना, माँ ने ऐसा क्यों कहा?

6. विशेष आवश्यकता वालों को सफलता प्राप्ती हेतु किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?

7. बच्चों के लिए स्वतंत्र वातावरण का क्या औचित्य है?

( आ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *8 या 10* वाक्यों में लिखिए। *2×5=10*

8. पाठ के आधार पर राम, लक्ष्मण, परशुराम के संवादों का तुलनात्मक विवेचन कीजिए।

*या*

चश्मेवाला सच्चे अर्थों में देश भक्त था, स्पष्ट कीजिए।

ClassResult.in

9. पाठ के आधार पर हनुमानदास का चरित्र चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

*या*

साहसी और कर्मवीर व्यक्ति ही निर्विघ्न रूप से लक्ष्य तक पहुँचते है - कवि का आशय स्पष्ट कीजिए।

---

This Question Paper contains 4 Printed Pages.

**01H(B)**

# HINDI, Paper-I

*(First language)*

**Parts A and B**

**Time : 2 hours 45 min.]** **[Maximum Marks : 40**

सूचनाएँ :

(1) उत्तर प्रश्नपुस्तिका में ही लिखिए।

(2) उचित अक्षर A, B, C, D चुनकर कोष्टक में लिखिए।

(3) बदले हुए और काटे हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे।

(4) **पार्ट - 'B' लिखने के पश्चात् उसे पार्ट - 'A' की उत्तर-पुस्तिका के साथ बाँध दें।**

---

## Part - B

***Time : 30 minutes*** ***Marks : 10***

**III.** भाषा की बात।

ClassResult.in

**1.** लड़की अभी सयानी नहीं थी।

रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए। [ ]

(A) सुन्दर

(B) समझदार

(C) स्त्री

(D) नासमझ

**2.** विशिष्ट व्यक्तियों को --------- की अपेक्षा अधिक सम्मान मिलता है।

रेखांकित शब्द के विलोम को चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। [ ]

(A) आवश्यक

(B) सामान्य

(C) महिमावान

(D) विशेष

3. समय के चक्र को कोई भी रोक नहीं सकता।
'चक्र' के भिन्नार्थ पहचानिए - [ ]
(A) चाक, चाल
(B) पहिया, चाल
(C) घेरा, पहिया
(D) भंवर, चालाकी

4. 'उर' पर विशाल-सरिता;
रेखांकित शब्द के पर्यायवाची पहचानिए - [ ]
(A) माला, हार (B) लघु, विशाल
(C) हार्दिक, हृदय (D) छाती, हृदय

5. 'सपना' का तत्सम रूप होगा ---- [ ]
(A) सपन (B) स्वप्न
(C) सोपेन (D) स्वपन

6. 'अंधकार' का तद्भव रूप होगा ---- [ ]
(A) आदारा (B) अंधेरा
(C) अंधा (D) अंधापन

ClassResult.in

7. योगरूढ़ शब्द पहचानिए - [ ]
(A) लम्बोदर (B) विद्यालय
(C) पुस्तकालय (D) वाचनालय

8. "विजीत" और अनपेक्षित में उपसर्ग छाँटिए - [ ]
(A) विज-अन (B) वि-अन
(C) वि-अन् (D) वि-अनु

9. 'ईय' प्रत्यय वाला शब्द पहचानिए - [ ]
(A) संपादकी (B) राष्ट्रीय
(C) चालाकी (D) धनुंजय

**10.** बकरी घास चर रही है।
रेखांकित का लिंग ------- है। [ ]

(A) पुल्लिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) नपुंसक लिंग
(D) द्विलिंग

**11.** यह राम का घर है।
रेखांकित शब्द का बहुवचन ------- है। [ ]

(A) घरा
(B) घरो
(C) घर
(D) घरें

**12.** उचित संधि-विच्छेद शब्दों को चुनिये। [ ]

(A) सर्वै + उदय
(B) सर्व + उदय
(C) सर्व + ऊदय
(D) सर्वे + उदय

**13.** "विसर्ग संधि" का एक उदाहरण ---------- है। [ ]

(A) देवगुण
(B) सर्वगुण
(C) दुर्गुण
(D) अवगुण

**14.** हेलेन केलर जन्म से अंधी थी।
रेखांकित शब्द किस समास का उदाहरण है? [ ]

(A) कर्मधारय समास
(B) द्विगु समास
(C) तत्पुरुष समास
(D) अव्ययीभाव समास

**15.** विष्णु चक्र को धारण करने वाले भगवान है।
रेखांकित शब्द का सामासिक शब्द - [ ]
(A) गिरधारी (B) चक्रपाणी
(C) चक्रधारी (D) छत्रधारी

**16.** युग्म शब्द की दृष्टि से यह शब्द सही है - [ ]
(A) कृषि-खेल (B) कृषि-कर्म
(C) कृषि-गार (D) कृषि-भ्रम

**17.** महानगरों ------- बच्चों ------- खेलने ------ जगह सिकुड़ती जा रही है।
सही कारक पहचानिए - [ ]
(A) के, में, में (B) में, के, में
(C) में, के, की (D) की, में, के

**18.** और रस और रीति और राग और रंग।
यह वाक्य किस अलंकार का उदाहरण है? [ ]
(A) रूपक अलंकार (B) यमक अलंकार
(C) उपमा अलंकार (D) अनुप्रास अलंकार

ClassResult.in

**19.** संत कबीर के --------- बहुत मशहूर है। [ ]
(A) छंद (B) चौपाइयाँ
(C) दोहे (D) कविताएँ

**20.** चोर चकमा देकर नौ दो ग्यारह हो गया।
रेखांकित मुहावरे का सही अर्थ चुनिए - [ ]
(A) निकल गया
(B) भाग गया
(C) कूद गया
(D) छिप गया